भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2544
21 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए

आरआईएनएल के पुनरुद्धार योजना को मंजूरी

2544. # श्री नरेश बंसल :

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) पुनरुद्धार योजना राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 के उद्देश्यों के साथ किस हद तक मेल खाती है ;

(ख) विशाखापट्टनम स्टील प्लांट के आधुनिकीकरण और संचालन क्षमता बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ;

(ग) क्या मंत्रालय पुनरुद्धार के लिए किसी निजी क्षेत्र की साझेदारी या सहयोग को शामिल करने की योजना बना रहा है ; और

(घ) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) और (ख) : भारत सरकार ने आरआईएनएल के प्रचालन को बनाए रखने तथा इसे एक कार्यशील व्यवसाय (गोइंग कंसर्न) के रूप में चालू रखने के लिए आरआईएनएल में इक्विटी/अधिमानी पूंजी के रूप में ₹11,440.00 करोड़ के निवेश को मंजूरी दी है। कंपनी ने प्रचालन दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्यो-आर्थिक कार्यनिष्पादन में सुधार, बेहतर क्षमता उपयोग और निश्चित लागतों के युक्तिकरण आदि पर जोर दिया है। यह राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 के उद्देश्यों के अनुरूप है।

(ग) और (घ) : आरआईएनएल में मौजूदा इक्विटी/अधिमानी पूंजी निवेश में किसी निजी क्षेत्र की भागीदारी या सहयोग शामिल नहीं है।

****